SAMAGRA SHIKSHA - KERALA

# ANNUAL EVALUATION 2023-2024

**809**

## Third Language

# HINDI

**A**

STD. VIII

Time : 90 Minutes

Score : 40

---

**सामान्य निर्देश :**

- पहला पंद्रह मिनट कूल ऑफ़ टाइम है। इस समय प्रश्नों का वाचन करें और उत्तर लिखने की तैयारी करें।
- वैकल्पिक प्रश्नों में से किसी एक का उत्तर लिखें।

---

**सूचना : 'ज्ञानमार्ग' एकांकी का यह अंश पढ़ें और 1 से 3 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।**

> गुरु : मुझे मालूम था कि तुम लोगों के अंदर अभी अहंकार बहुत है और तुम अपने ज्ञान का नुकसान भी कर सकते हो। इसलिए मैं तुम लोगों के पीछे-पीछे आ रहा था।

1. तीनों राजकुमार कहाँ से वापस आ रहे थे? 1


(क) राजमहल से (ख) दरबार से (ग) गुरुकुल से (घ) शहर से

2. 'मुझे' में निहित सर्वनाम कौन-सा है? 1

(क) तुम (ख) मैं (ग) हम (घ) तू

3. वाक्य पिरामिड की पूर्ति करें। 2

(राजकुमारों के, तीनों)




**सूचना : 'जल बैंक' व्यंग्य लेख का यह अंश पढ़ें और प्रश्न 4 और 5 के उत्तर लिखें।**

> सौदा महँगा नहीं है। वैसे भी आजकल जिनके पास पानी है, वे पानीदार हो रहे हैं। यह तो आम जनता है, जो पानी-पानी हो रही है, बिना पानी के।

4. 'पानी-पानी होना' का मतलब क्या है? 1

(क) प्यार होना (ख) नाराज़ होना (ग) शांत होना (घ) लज्जित होना

5. संकेतों की मदद से 'जल संरक्षण' की आवश्यकता पर **लघु लेख** लिखें। 4

- पानी नहीं तो जीवन नहीं।
- जल-स्रोतों का संरक्षण करना है।
- पानी को स्वच्छ रखना है।

**अथवा**

जल संरक्षण का संदेश देते हुए **पोस्टर** तैयार करें।

**सूचना : 'पिता का प्रायश्चित' संस्मरण का यह अंश पढ़ें और 6 से 8 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।**

> सड़क सुनसान थी और कोई रोशनी भी नहीं थी। मैं पिताजी को अकेला नहीं छोड़ सकता था। इसलिए साढ़े पाँच घंटे तक मैं उनके पीछे-पीछे धीमी गति से कार चलाता रहा। और मेरे झूठ पर पिताजी को प्रायश्चित करते हुए देखता रहा। उस दिन मैंने जीवन का एक अहम निर्णय लिया— मैं कभी भी झूठ नहीं बोलूँगा।

6. अपने पिता को प्रायश्चित करते देखकर अरुण गाँधी ने क्या निर्णय लिया? 1

7. विशेषण शब्द चुनकर लिखें। 1

(क) जीवन (ख) सुनसान

(ग) झूठ (घ) बोलूँगा

8. अरुण गाँधी और पिताजी देरी से घर वापस आए। इस प्रसंग पर माँ और अरुण गाँधी के बीच की संभावित **बातचीत** लिखें। 4

**सूचना : दोहा पढ़ें और प्रश्न 9 और 10 के उत्तर लिखें।**

> रहीम वे नर धन्य है, पर उपकारी अंग।
> बाँटनवारे को लगै, ज्यों मेहंदि को रंग।।

9. 'मनुष्य' के लिए दोहे में प्रयुक्त शब्द कौन-सा है? 1

(क) नर (ख) अंग

(ग) रंग (घ) धन्य

10. रहीम के विचार में कौन धन्य है? 1

(क) अहंकारी (ख) स्वार्थी

(ग) बदमाश (घ) परोपकारी

**सूचना : 'इस बारिश में' कविता की ये पंक्तियाँ पढ़ें और 11 से 13 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।**

अब जो घिरती हैं काली घटाएँ
उसीके लिए घिरती हैं
कूकती हैं कोयलें उसीके लिए
उसीके लिए उठती है
धरती के सीने से सौंधी सुगंध

11. 'इस बारिश में' कविता के कवि कौन हैं? 1

(क) बर्तोल्ड ब्रेख्त (ख) सुमित्रानंदन पंत

(ग) नरेश सक्सेना (घ) कबीर

12. कविता में 'उसीके लिए' प्रयोग किन-किन की ओर संकेत करता है? 2

13. कवितांश का आशय लिखें। 4

**सूचना : 'सफ़ेद गुड़' कहानी का यह अंश पढ़ें और 14 से 16 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।**

पंसारी ने उसे डिब्बे में टटोला पर उसमें अठन्नी नहीं मिली। एक छोटा-सा खपड़ा (चिकना पत्थर) ज़रूर था जिसे पंसारी ने निकाल कर फेंक दिया। उसका चेहरा एक दम से काला पड़ गया। सिर घूम गया। जैसे शरीर का सारा खून निकल गया हो। आँखें छलछला आईं।

14. 'अठन्नी' का मतलब क्या है? 1

(क) आठ आने का सिक्का (ख) आठ मिनट का समय

(ग) आठ वर्ष की आयु (घ) आठ दिन की छुट्टी

15. लड़का क्यों परेशान हो गया? 2

16. लड़के की गुड़ खाने की इच्छा सफल नहीं हुई। वह उदास हो गया। इस प्रसंग पर लड़के की **डायरी** लिखें। 4

**अथवा**

लड़के ने अपना अनुभव बताते हुए मित्र के नाम पत्र लिखा। लड़के का संभावित **पत्र** लिखें।

**सूचना : 'खूबसूरत अनुभूति है एवरेस्ट!' साक्षात्कार का यह अंश पढ़ें और 17 से 19 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।**

> माउंट एवरेस्ट की चोटी पर दो बार पहुँचनेवाली भारत की पहली महिला पर्वतारोही संतोष यादव का बचपन अन्य बच्चों की तुलना में कुछ हटकर रहा। बचपन से ही वह निडर रही।

17. नमूने के अनुसार वाक्य की पूर्ति करें। 1

| | |
|---|---|
| बच्चा चलता है। | बच्चे चलते हैं। |
| बच्चा दौड़ता है। | बच्चे .................... |

18. सही मिलान करें। 4

| | |
|---|---|
| संतोष यादव के पिताजी | गाँव के स्कूल में पढ़ती थी। |
| पाँचवीं तक संतोष यादव | संतुलित दिमागवाला होना है। |
| एवरेस्ट की चोटी पर पहुँचने में | सेना में काम करते थे। |
| एक सफल पर्वतारोही को | संतोष यादव सफल हो गई। |

**अथवा**

संतोष यादव दूसरी बार एवरेस्ट की चोटी पर पहुँची। इसपर **रपट** तैयार करें।

- भारत की पहली महिला पर्वतारोही
- 1993 में एवरेस्ट पर दूसरी बार
- निडर होकर सफलता की ओर

19. **चार सही प्रस्ताव** चुनकर लिखें। 4

- बचपन से ही संतोष यादव बड़ी जिज्ञासु थी।
- आठवीं कक्षा तक संतोष यादव हॉस्टल में रही।
- संतोष यादव ने कॉलेज में पढ़ते समय पहली बार हिमालय देखा।
- चौदह वर्ष की आयु में संतोष यादव की शादी हुई।
- संतोष यादव भूमि को स्वर्ग कहलाना चाहती है।
- संतोष यादव अपने पाँच भाइयों के बीच की लाड़ली थी।